दिन—शनिवार दिनांक— 14 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी बिहार को तीन वंदे भारत ट्रेन की देंगे सौगात।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। आपसी सहमति के आधार पर निपटाए गये मामले।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

04. और, हिन्दी को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ आज मनाया जा रहा है हिन्दी दिवस।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों को पहली किस्त के रूप में चालीस—चालीस हजार रूपये की राशि हस्तांतरित करेंगे। कल ही योजना के तहत निर्मित आवासों के मालिकों को सांकेतिक रूप से आवास की चाभी भी सौंपी जायेगी। वहीं, जमशेदपुर में ही आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पटना—टाटानगर, भागलपुर—हावड़ा और गया—हावड़ा के बीच तीन वंदे भारत ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। भागलपुर—हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का परिचालन सत्रह सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। वहीं, गया—हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन अठारह सितंबर से और पटना— टाटानगर वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बाईस सितंबर से होगा।

————————————————————————

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बिहार की प्रगति पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरकार के शुरूआती सौ दिनों में केन्द्रीय बजट में बिहार को

अंठावन हजार नौ सौ करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई है। वहीं, बिहार को केन्द्रीय करों और शुल्कों के रूप में एक लाख पच्चीस हजार चार सौ चौवालीस करोड़ रूपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं के लिए बिहार को छब्बीस हजार सात सौ दस करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अट्ठाईस हजार करोड़ रूपये की लागत से समेकित उत्पादन क्लस्टर के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे दस लाख से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर–कोलकाता कॉरिडोर के तहत गया में औद्योगिक शहर के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा भागलपुर के पीरपैंती में इक्कीस हजार चार सौ करोड़ रूपये की लागत से चौबीस सौ मेगावाट के पावर प्रोजेक्ट की स्थापना की जाएगी।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि बिहार में उनकी सरकार बनती है, तो मिथिला के विकास के लिए मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा। मधुबनी में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए श्री यादव ने कहा कि मिथिला के चहुमुखी विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि मिथिला क्षेत्र के अधिकांश सांसद एनडीए से हैं, लेकिन इन लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है।

———बाईट———

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत में मुख्य रूप से बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, टेलीफोन बिल विवाद, वाहन दुर्घटना बीमा, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद और पारिवारिक मामलों का निपटारा हुआ। शेखपुरा में पांच सौ अड़सठ और बक्सर में छह सौ पांच मामले निष्पादित किये गए।

———————————————————————

आज हिन्दी दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ उनचास में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटन, न हिय के सूल।। हिंदी भाषा साहित्य के पितामह कहे जाने वाले भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र ने खड़ी बोली यानी हिंदी की आम भाषा को लोगों तक पहुंचाने के लिए इन बातों को कहा था। आज हिंदी दिवस के अवसर पर इनकी कृतियों को याद करना हमें हिंदी के प्रति और सजग रहने की आवश्यकता पर बल देता है। आज समय के साथ हिंदी मजबूत होती जा रही है। यही कारण है कि अब सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी भी अपनी भाषा की अपेक्षा हिंदी को अधिक महत्व देते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि राष्ट्भाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। ह्रदय की कोई भाषा नहीं है, ह्रदय–ह्रदय से बातचीत करता है और हिंदी ह्रदय की भाषा है। वहीं, महान कवि मैथलीशरण गुप्त का मानना था कि

कहीं अकेला भी हूँगा मैं तो भी सोच न लाऊंगा,
अपनी भाषा में अपनों के गीत वहाँ भी गाऊंगा।
मुझे एक संगिनी वहाँ भी अनायास मिल जावेगी,
मेरा साथ प्रतिध्वनि देगी कली–कली खिल जावेगी।

और इसलिए हिंदी के महत्व को समझते हुए 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर आज जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। समाचार कक्ष से, अमन यादव। समाचार कक्ष से अमन यादव।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

हिन्दी भाषा को जीवन समर्पित करने वाले फादर कामिल बुल्के ने अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोष का निर्माण किया था, जिसकी गिनती आज भी सबसे अधिक प्रमाणिक डिक्शनरी में होती है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा था कि शब्दकोष का निर्माण एक कठिन प्रक्रिया है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। वे आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले।

–––बाईट–––

मैं मानता हूं कि बच्चे की बात करने की अभिव्यक्ति की सबसे सुगम भाषाता अगर कोई है तो अपनी मातृभाषा है। उसके सोचने का तर्क का, विश्लेषण का और निर्णय पर पहुंचने की जो प्रक्रिया है, जो उसको एक संपूर्ण बच्चा बनाता है वह भी अपनी मातृभाषा है। इसलिए मोदी जी ने मातृभाषा पर, शिक्षा पर बहुत बड़ा बल दिया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने हिन्दी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में एक वीडियो साझा किया। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि राजभाषा विभाग शीघ्र हिन्दी से आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेगा। इससे पत्रों और भाषणों का बहुत कम समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से सभी भाषाओं में अनुवाद हो जाएगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकानाएं दी हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न संगठनों और कार्यालयों में भी आज से हिन्दी पखवाड़ा की शुरूआत हुई है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग– राजभाषा की ओर से बिहार राज्य अभिलेख भवन में हिन्दी दिवस सह कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अभी बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी है। अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, गया, नवादा, औरंगाबाद, अरवल और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, रोहतास, कैमूर, जहानाबाद नालंदा, मुंगेर और भागलपुर जिले में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रिकॉर्ड एक सौ अट्ठाईस नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक उनसठ नये मरीज मिले हैं।

———————————————————————————

समाज कल्याण विभाग ने बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नए सदस्यों की नियुक्ति की है। पटना के हुलेश मांझी, मधुबनी की संगीता ठाकुर, समस्तीपुर की ज्योति कुमारी, पटना की शीला पंडित प्रजापति, बांका के सुग्रीव दास और वैशाली के राकेश सिंह आयोग के सदस्य बनाए गये हैं।

———————————————————————————

गया–कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर कपलिंग टूटने से एक मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गयी। ट्रेन का एक भाग कुछ दूर तक चला गया, जबकि दूसरा हिस्सा पीछे रह गया। इस दौरान लगभग बीस मिनट तक अफरा–तफरी की स्थिति मची रही। बाद में मालगाड़ी को ठीक कर आगे के लिए रवाना किया गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

———————————————————————————

बेगूसराय में कल से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर –फोर्टिन बालक कबड्डी प्रतियोगिता को बारिश के कारण अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————————

मौलाना मजहरूल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय में बिहार और झारखंड से आए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनएसएस के स्वयंसेवकों के लिए आज से दो दिवसीय चयन शिविर की शुरुआत हुई। इसके माध्यम से गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– अट्ठाईस पर एक मिनी ट्रक की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

———————————————————————————

खगड़िया रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने एक ट्रेन से दो सौ बीस कछुआ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये सभी तस्कर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार के एक लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी बिहार को तीन वंदे भारत ट्रेन की देंगे सौगात।

02. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। आपसी सहमति के आधार पर निपटाए गये मामले।

03. मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

04. और, हिन्दी को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ आज मनाया जा रहा है हिन्दी दिवस।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।